**खबर संक्षेप**

## नवयुवक सरकार समिति का चल समारोह आज

**मण्डला।** गणेश उत्सव का पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नवयुवक सरकार समिति के द्वारा पांच वर्षो से गणराज गणपति की स्थापना की गई। जिसका विधि विधान से आज हवन पूजन भंडारा कर धूमधाम से विसर्जन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समिति के द्वारा गणोत्सव का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है विगत पांच वर्षो से श्रीगणेश की स्थापना की जा रही है। प्रथम दिन आगमन के दौरान भगवान गजराज गजपति का भव्य स्वागत किया गया। सजावटी लाइटों की जगमगाहट और फूलों की वर्षा के बीच जब गजराज गजपति की प्रतिमा नर्मदा जी वार्ड पहुंची तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। भक्तों की भारी भीड़ और युवाओं का उमंग देखने लायक था। सैकड़ों की संख्या में जुटी भीड़ गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठी। गणेशोत्सव के दौरान समिति की ओर से सुंदरकांड पाठ, महाआरती, भजन संध्या और विविध धार्मिक आयोजन के साथ नृत्य प्रतियोगिता, श्रीगणेश को 56 भोग के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। युवाओं का कहना है कि गणेशोत्सव सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक है, जिसे वे बड़े ही गौरव और श्रद्धा से निभा रहे हैं।

## मंत्री श्रीमती उईके ने नये डायल 112 के वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**मण्डला।** नैनपुर प्रवास के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने डायल 112 के नये वाहनों को हरी झंडी दिखाई। पुलिस थाना परिसर से इन वाहनों को रवाना किया गया। इससे पहले कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने डायल 112 वाहनों में उपलब्ध सेवाओं का जायजा लिया।

## प्राचार्य, संकुल प्राचार्य, जांचकर्ता अधिकारी एवं अतिथि शिक्षक पर होगी FIR

# अतिथि शिक्षक रहते किया बी.एड.






*** बिछिया विकासखण्ड का है मामला।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

बिछिया वि. खंड. शिक्षा विभाग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लफरा संकुल अंतर्गत शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ककैया में फर्जी स्कोरकार्ड एवं डिग्री के माध्यम से अतिथि शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया का है।

### प्राचार्य जयनारायण मिश्रा इन मामलों में है दोषी

जब अतिथि शिक्षक की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी तब शिकायतकर्ता के द्वारा प्राचार्य जयनारायण मिश्रा महोदय को अवगत करा दिया गया था कि आप जिस अतिथि शिक्षका रितु तिवारी की भर्ती कर रहे हैं आप उसके स्कोर कार्ड की एक बार विधिवत जाँच कर ले क्योंकि उस अतिथि शिक्षक के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमरूआ में अतिथि शिक्षक कार्य करते हुए उसी समय एवं उसी सत्र में जबलपुर में B.Ed की नियमित डिग्री अर्जित की गई है। जो सरासर गलत है की एक ही व्यक्ति एक ही समय एवं एक ही सत्र में एक साथ दो जगह कैसे उपस्थित रह सकता है और इस अतिथि शिक्षक के द्वारा अपने स्कोर कार्ड में B.Ed के अंक भी जोड़ लिए गए और साथ ही लीमरुआ स्कूल में पढ़ाने के अनुभव के अंक भी जोड़ लिए गए जिससे उनके स्कोर कार्ड में पूर्ण त्रुटि है। इस विषय से जुड़े सभी साक्ष्य प्रिंसिपल के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरांत भी प्रिंसिपल महोदय के द्वारा सभी साक्ष्य एवं सबूत की अनदेखी करअपनी तानाशाही एवं मनमर्जी चलाकर शासन के नियमों को दरकिनार कर फर्जी स्कोर कार्ड धारी अतिथि शिक्षका रितु तिवारी पति संजय तिवारी निवासी ग्राम ठरका की भर्ती कर योग्यताधारी शिक्षक को बाहर कर दिया गया एवं अपात्र अतिथि शिक्षक को वित्तीय लाभ प्रदान कर शासन के राजकोष से वित्तीय अनीयमित्ता की गई।

### जाँचकर्ता अधिकारी भी पाये गये दोषी

उक्त समस्त प्रकरण की जांच करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जांचकर्ता अधिकारी मंडल संयोजक चित्रसेन कार्तिकेय के द्वारा शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ककैया में जाकर निरीक्षण किया गया। जिसमें इनके द्वारा शिकायतकर्ता को जाँच के समय ना बुलाकर...शिकायतकर्ता से किसी प्रकार के दस्तावेज ना मांग कर... किसी प्रकार की सूचना दिए बगैर ही जांच में यह स्पष्ट रूप से लिख दिया की प्राचार्य के द्वारा की गई श्रीमती रितु तिवारी की भर्ती पूर्णता उचित है।

### इन मामलों में है संकुल प्राचार्य संजय सिंगौर दोषी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लफरा संकुल केंद्र में जब इस विषय को लेकर शिकायत की गई तब संकुल केंद्र में उक्त अतिथि शिक्षका वही उपस्थित थी और उसने स्वयं संकुल प्राचार्य संजय सिंगौर के समक्ष इस बात को स्वीकार किया था कि मेरे द्वारा एक साथ दो डिग्री अर्जित की गई है और स्कोर कार्ड में भी मेरे द्वारा उन दोनों डिग्रियों के अंक के लाभ लिए गए हैं। इसके बावजूद भी संकुल प्राचार्य के द्वारा उन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही ना करते हुए उनकी गलत भर्ती पर रोक ना लगाते हुए और उनको जॉइनिंग पत्र जारी कर दिया गया एवं बिल जनरेट कर उनके खाते में राशि प्रदान की गई जो सरासर भ्रष्टाचार को स्पष्ट करता है। एवम संकुल प्राचार्य की अतिथि शिक्षक के साथ मिलीभगत को दर्शाता है।

### बीईओ के द्वारा दर्ज कराई जावेगी FIR

कार्यालय सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मंडला के द्वारा जांच में सही ना पाए जाने वाले दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के ऊपर थाना बमनी बंजर में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछिया कुलदीप कटल को आदेशित किया गया है गलत भर्ती करने वाले प्राचार्य जय नारायण मिश्रा/ संकुल प्रभारी संजय सिंगौर/ गलत जांच करने वाले प्रभारी मंडल संयोजक चित्रसेन कार्तिकेय/अतिथि शिक्षिका रितु तिवारी के ऊपर थाने में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करावे एवं रितु तिवारी से उक्त कार्य दिवस की अवधि का प्राप्त मानदेय की राशि की रिकवरी भी की जावे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि थाना में पूर्व से ही इन्हीं सभी विषयों को लेकर थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी किंतु थाना प्रभारी के द्वारा यह कहकर प्रकरण को लंबित रखा गया कि जब जाँच में कार्यालय सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के द्वारा प्रकरण मे लिप्त सभी भर्तीकर्ता/जाँचकर्ता को दोषी पाया गया है तो शिकायत भी थाने में उन्हीं के माध्यम से कार्यालय पत्र द्वारा आनी चाहिए जिसमें दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए हमें स्पष्ट निर्देश होने चाहिए.... फिर जो भी कार्यवाही कानून के माध्यम से होगी उसके लिए कानूनी कार्यवाही प्रस्तावित कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जावेगा।

## डाक विभाग की बीमा योजनाएं बनीं मददगार



*** दिवंगत डाकपाल के परिवार को मिली 15 लाख की सहायता।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

मंडला डाक संभाग के अंतर्गत कार्यरत शाखा डाकपाल ललित का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था, लेकिन उनके द्वारा ली गई इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की दो दुर्घटना बीमा पॉलिसियों ने उनके परिवार को इस मुश्किल घड़ी में बड़ा सहारा दिया। स्व. ललित ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से 10 लाख और 5 लाख की दो अलग-अलग दुर्घटना बीमा पॉलिसियां ले रखी थीं, जिनका कुल वार्षिक प्रीमियम मात्र 755 था। आईपीपीबी ब्रांच मंडला डाकघर संभाग के अधीक्षक प्रशांत वर्मा और बीमा कंपनी के आपसी समन्वय से स्वर्गीय ललित के पिताजी को इन पॉलिसियों के तहत कुल 15 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई है।

नीवा बूपा संबंध प्रबंधक ज्योत्सना श्याम ने बताई की जीवन में कभी भी कोई भी दुर्घटना हो सकती है और ऐसी स्थिति में डाक विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली बीमा पॉलिसियाँ ग्राहकों के परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। मंडला डाक संभाग के अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने सभी शाखा डाकघरों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ग्राहकों को इन दुर्घटना बीमा पॉलिसियों के बारे में लगातार जानकारी दें और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें।

## अतिक्रमण हटाने तहसीलदार ने दी 7 दिन की मोहलत

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटेहरा के टिकरिया में सामुदायिक सामुदायिक भवन के पास अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है जिसके कारण समुदाय भवन के पास किसी भी कार्यक्रम होने के लिए पर्याप्त जगह ना रहेगी जिससे लोग लोग कार्यक्रम से वंचित रहेंगे यहां पर नवरात्रि में दुर्गा जी की स्थापना की जाती है एवं 9 दिन तक विभिन्न प्रकार के संस्कृत के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ग्राम वासियों ने लिखित शिकायत तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा मौके में पटवारी तहसीलदार आर आई एवं ग्राम के सभी लोग उपस्थित रहे आवेदन की जांच कर अतिक्रमण कार्यों को 7 दिन की मोहलत दी गई अगर अतिक्रमण नहीं हटते तो उनके ऊपर अतिक्रमण की कार्यवाही की जाएगी।

# पडरिया में दुकानदारों का अतिक्रमण, राहगीरों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली पंचायत पडरिया में दुकानदारों द्वारा लगातार अतिक्रमण किए जाने से आम नागरिकों और वाहनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य बाजार क्षेत्र में कई दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर तक सामान रख देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और पैदल चलने वालों के साथ-साथ वाहनों की क्रॉसिंग भी प्रभावित होती है।

ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद पंचायत की ओर से सिर्फ कागज़ी कार्यवाही की जा रही है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पंचायत के नियमों के अनुसार दुकानदार अपनी दुकान की सीमा के बाहर सामान नहीं रख सकते, परंतु इन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। राहगीरों का कहना है कि सामान सड़क पर रखने से कई बार जाम की स्थिति बन जाती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को बाजार पार करने में काफी दिक्कत आती है। पंचायत के अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी करने की बात कही जाती है, लेकिन अब तक किसी भी अतिक्रमणकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।



अब देखना यह होगा कि पंचायत प ड रि या प्रशासनिक सख़्ती दिखाकर बाज़ार एवं सड़क के किनारे लग रही दुकानों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराएगी या यह कार्रवाई भी सिर्फ़ कागज़ों तक ही सीमित रह जाएगी।

## नारायणगंज में निकला ईद मिलाद उन नबी का जुलूस

*** भाईचारे और सौहार्द के साथ निकला जुलूस।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला/नारायणगंज

शुक्रवार को नारायणगंज में ईद मिलाद उन नबी का जुलूस बड़ी ही धूमधाम और शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए इस जुलूस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

गुरुवार की रात ईसा की नमाज के बाद मदीना मस्जिद में मिलाद का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद शुक्रवार सुबह 9 बजे मदीना मस्जिद से जुलूसे मोहम्मदिया का आगाज हुआ। जुलूस में नौ निहाल बच्चे, नौजवान और समाज के बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह जुलूस मदीना मस्जिद से शुरू होकर बस स्टैंड, मैली चौराहा, टिकरिया, कुड़मैली होते हुए वापस नारायणगंज ईदगाह पहुंचकर संपन्न हुआ।



जुलूस के दौरान मुस्लिम भाइयों के घरों पर जुलूस का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया और प्रसाद का वितरण भी हुआ। पूरे मार्ग में धार्मिक नारे गूंजते रहे और लोग मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को स्मरण करते हुए आगे बढ़ते रहे।

## गणेश उत्सव के आकर्षण का केंद्र रहे किंगफिशर के राजा का विसर्जन आज

**मण्डला।** मंडला की शान कहे जाने वाले किंगफिशर मल्टीप्लेक्स में गणेश उत्सव के दौरान गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई किंगफिशर के राजा के नाम से विराजे गणेश जी के पंडाल की भव्यता और आकर्षक सजा सज्जा श्रद्धालुओं को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है। यही वजह है कि पौंडी क्षेत्र से लगे अनेक ग्रामों के लोग के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में किंगफिशर के राजा के दर्शन करने किंगफिशर मल्टीप्लेक्स पहुंच रहे हैं। किंगफिशर के राजा की संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पूरे गणेश उत्सव के दौरान किंगफिशर मल्टीप्लेक्स में धर्ममय माहौल बना रहा। किंगफिशर मल्टीप्लेक्स का पूरा स्टाफ न सिर्फ गणेश जी की भक्ति में डूबा रहा बल्कि उनकी सेवा भाव में भी कोई कमी नहीं की।

**सम्मान** | भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा किया गया सम्मानित

# मोबाइल रिकवरी के लिए मंडला पुलिस का गोवा में सम्मान

*** जिले के लिये गौरव की बात।**

हरिभूमि न्यूज >> मण्डला

मंडला पुलिस को CEIR पोर्टल का उपयोग कर 74% मोबाइल रिकवरी के साथ वेस्ट जोन में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए गोवा में आयोजित वेस्ट जोन वार्षिक सुरक्षा सम्मेलन में सम्मानित किया गया। एसपी श्री रजत सकलेचा ने सम्मेलन में जिले में उपयोग किए गए बेहतर तरीकों और सुझावों को साझा किया।







उल्लेखनीय हैं कि मंडला पुलिस द्वारा उक्त पोर्टल का उपयोग करके पिछले डेढ़ वर्षों में 2031 मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 3 करोड़ हैं वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। जिसमें मंडला पुलिस द्वारा वर्ष 2024 में 1046 एवं वर्ष 2025 में 985 मोबाइल रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा भी जनवरी माह में मोबाइल रिकवरी में कर्त्तव्यरत मंडला पुलिस की टीम को 50 हजार रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था। वहीं उक्त कार्य के लिए साइबर सेल व थाने स्तर पर कार्यरत 02 पुलिसकर्मियों को DG डिस्क एवं रोल के सम्मान से भी सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा दिए गए प्रोत्साहन से उत्साहित होकर मंडला पुलिस टीम ने यह महती सफलता प्राप्त की है।

थाना स्तर पर मोबाइल फोन की शिकायतों एवं अन्य साइबर फ्रॉड को ऑनलाइन दर्ज करने तथा ट्रेसिंग किए गए मोबाइल की रिकवरी प्रक्रिया को आसान बनाने हेतु प्रत्येक थाने से एक उपनिरीक्षक एवं दो आरक्षक को विभिन्न प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

नेशनल साइबर रिपोर्टिंग हेल्पलाइन 1930, CEIR पोर्टल एवं लोकल साइबर हेल्पलाइन नंबर 7587644088 का प्रचार प्रसार समस्त थानों में हेल्पलाइन नंबर स्टैंडी, स्कूल व साप्ताहिक बाजार में प्रचार, चौराहों पर फ्लेक्स बैनर लगाकर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से किया गया।

थाना पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को थाना स्तर पर ही तत्काल दर्ज की गई। वहीं लोकल स्तर पर जारी हेल्पलाइन नंबर से आमजन को मोबाइल के गुम जाने वाली शिकायत दर्ज करने में आसानी हुई। खरीद बिल या IMEI नंबर अनुपलब्ध होने पर भी शिकायत प्राप्त की गई।

थाना स्तर पर दर्ज शिकायतों, ट्रेसबिलिटी एवं रिकवर मोबाइल के प्रोग्रेसिव रिपोर्ट हेतु जिला स्तर पर टीम बनाई गई। मासिक क्राइम मीटिंग में प्रत्येक थाने के रिकवरी प्रतिशत का विश्लेषण कर अच्छे कार्य करने वाले थाना प्रभारी एवं उनकी टीम को पुरस्कृत किया गया।

तकनीकी टीम और फील्ड स्टाफ के बीच समन्वय के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए अलग अलग राज्यों, जिला या संबंधित पुलिस स्टेशन की मदद लेकर मोबाइल को पुनर्प्राप्त किया गया था।

मोबाइल फोन पहले जिला स्तर पर ट्रेस कर दिए जाते थे। अब विकेन्द्रीकृत वितरण से सीधे मोबाइल फोन को पुलिस स्टेशन स्तर पर या माइक्रो बीट पुलिसकर्मियों द्वारा दूर गांवों में लोगों के घर जाकर सौंपा गया।

मंडला पुलिस ने CEIR की मदद से ढूंढे मोबाइलों को दूर-दराज के गाँवों में रहने वाले ग्रामीण जन एवं आदिवासियों के घरों तक पहुँचाया।

## कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला में पदस्थ दुर्गेश दीक्षित वन रक्षक बने प्रांतीय महामंत्री

**मण्डला।** म.प्र.वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज पांडे ने मंडला जिले को दिया प्रदेश में महत्व। कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से श्री दुर्गेश दीक्षित वन रक्षक को प्रांतीय महामंत्री का दायित्व सौपा गया है। श्री दीक्षित के प्रांतीय महामंत्री बनने से वन कर्मचारी संघ जिला शाखा मंडला का गौरव बढ़ा। इनकी नियुक्ति से वन कर्मचारी संघ ने हर्ष व्यक्त किये हैं। निर्मल तिवारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सलाहकार, जे.पी.शर्मा पूर्व प्रांतीय महामंत्री की अनुशंसा से यह दायित्व सौपा गया है।

**सार्वजनिक सूचना - 1**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा गठित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (SEIAA), भोपाल के आदेश क्रमांक EC25B0108MP5718089N, दिनांक 21.08.2025 के अंतर्गत श्री नरेंद्र सिहारे प्रा. लि. पूजा मिनरल्स की 2.22 हेक्टेयर क्षेत्रफल डोलोमाइट खनन पट्टा, उत्पादन क्षमता: 20,246 टन प्रति वर्ष ग्राम: मुगदरा, तहसील: नैनपुर, जिला: मंडला (म.प्र.) के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आदेश म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के कार्यालय में उपलब्ध है तथा वेबसाइट www.mpseiaa.nic.in/www.parivesh.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
श्री नरेंद्र सिहारे प्रा. लि. पूजा मिनरल्स

**सार्वजनिक सूचना - 2**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा गठित मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (SEIAA), भोपाल के आदेश क्रमांक EC24B001MP178494, दिनांक 05.01.2024 के अंतर्गत श्री नरेंद्र सिहारे प्रा. लि. पूजा मिनरल्स की 1.21 हेक्टेयर क्षेत्रफल डोलोमाइट खनन पट्टा, उत्पादन क्षमता: 16,517 टन प्रति वर्ष ओवरबर्डन (OB) : 2,660 टन प्रति वर्ष ग्राम: मुगदरा, तहसील: नैनपुर, जिला: मंडला (म.प्र.) के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आदेश म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के कार्यालय में उपलब्ध है तथा वेबसाइट www.mpseiaa.nic.in/www.parivesh.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
श्री नरेंद्र सिहारे प्रा. लि. पूजा मिनरल्स

# गणेश उत्सव की धूम ....


नगर के हृदय स्थल झंडाचौक पर स्थापित गणेश प्रतिमा


यादव मुहल्ला में स्थापित प्रतिमा


कामर्थ वार्ड स्थापित की गई प्रतिमा।


पुराना थाना के पास स्थापित गणेश प्रतिमा


दक्ष स्कूल के पास स्थापित गणेश प्रतिमा


नगर के छिडावघाट पर स्थापित गणेश जी की प्रतिमा

# गणेश उत्सव के दौरान पुलिस के हाथ लगी सफलता, सालीचौका क्षेत्र के पचामा में युवक के पास से दो पिस्टल सहित तीन मैगजीन व दो जिंदा कारतूस किये जप्त

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

इन दिनों नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के निर्देशन तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाये जाने हेतु गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा व अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार अपना डंडा घुमाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये एक हप्ता पहले जहां बडे स्तर पर मादक पदार्थ स्मैक पावडर का कारोबार करने वाले आरोपियों को माल सहित पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। इसके बाद समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पचामा रोड़ पर पुलिस द्वारा एक युवक से दो पिस्टल सहित तीन मैग्जीन व दो जिंदा कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि सालीचौका पुलिस चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ को मुखबिरों द्वारा सूचना मिली की पचामा रोड निवासी अंकित पिता मुकेश पाटकर उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्रमांक 6 पचामा रोड सालीचौका की गतिविधियाँ कुछ संदिग्ध जान पड़ रही है। इस सच्चाई से चौकी प्रभारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही












जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा टीआई विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इस टीम में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी सालीचौका वर्षा धाकड़, ए एस आई विक्रम परमार, प्रधान आरक्षक करन सिंह, आरक्षक हरिशंकर पटवा, राजेन्द्र धाकड़, जमना प्रसाद, करन सिंह, महिला आरक्षक सोमवति कतिया व सैनिक राजेश कौरव तथा सुभाष सोनी व हेमराज को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा संदिग्ध बन चुके अंकित पाटकर की घेरा बंदी करते हुये अपनी हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई तो पुलिस को इसके पास से अवैध रूप से रखे हुये 2 पिस्टल, 3 मैग्जीन सहित दो जिन्दा कारतूस मिले। इस तरह आरोपी के पास से अवैध रूप से हथियार रखे हुये पाये जाने पर पुलिस द्वारा हथियारों को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार कर मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस तरह यह युवक हथियार लेकर कहा से आया हुआ था और इन हथियारों के माध्यम से किस घटना को अंजाम देने की फिराग में था। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि यदि पुलिस द्वारा सूचना मिलने के बाद यदि समय पर कार्यवाही नही की गई होती तो जिस तरह से युवक के पास से घातक हथियार जप्त किये गये है तो आरोपी द्वारा किसी ने किसी बड़ी घटना को अंजाम देने में सफल हो सकता है..? इस संफलता का खुलासा करते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा ने बताया है कि आरोपी का पूर्व का अपराधिक रिकार्ड भी है। वही पुलिस द्वारा पकड़े गये हथियार आरोपी ने कहा से प्राप्त किये गये है इनका पता लगाने का प्रयास कर रही है..? इस तरह क्षेत्र में घातक हथियार मिलना निश्चित तौर से क्षेत्रवासियों के लिये चिंता जनक है। इस प्रकार से देखा जावे तो पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मगर यदि समय रहते हुये कार्यवाही न हो पाती तो शायद सच्चाई क्षेत्र में कोई बड़ी घटना के रूप में सामने आने से न चूक पाती..? वही गौर किया जावे तो बीते हुये दिनों से नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की बागडोर संभालने के बाद गाडरवारा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के साथ साथ अन्य अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ डंडा घुमाते हुये लगतार सफलताये हासिल की जा रही है।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर नगर में आधा दर्जन डीजे सहित विभिन्न प्रकार की झाँकियों के साथ निकाला गया भव्य जुलूस, जगह जगह स्वागत द्वार बनाते हुये मुस्लिमजनों ने किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** दुनिया वालो को भाई चारे अमन और नेकी की राह पर चलने का पैगाम देने वाले हजरत मुहम्मद साहब का जन्मोत्सव नगर के मुस्लिम समुदाय द्वारा शुक्रवार को अकीदत और उत्साह के माहौल में मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नवी के मौके पर पूरे नगर में आकर्षक सजावट की गयी थी तथा चौतरफा मजहब की खुशबू फैली प्रतीत हो रही थी। ईद मिलादुन्नवी पर शहर में आपसी सामंजस्य, एकता के दर्शन हो रहे थें और हिन्दूजन अपने मुस्लिम भाईयो को ईद मिलादुन्नवी की शुभकामनाओं का परस्पर आदान प्रदान कर रहे थें। इस मौके पर नगर की जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद के इर्द गिर्द निराली रौनक बिखरने से हवाओं में भी इबादत की पवित्रता घुली मिली होने का अहसास हो रहा था। जश्ने ईद मिलादुन्नवी पर जौहर की नमाज के बाद जामा मस्जिद से मुस्लिम बंधु एक दूसरे को गले लगाते हुये हार्दिक बधाई दी गई। इस प्रकार से शहर में इस्लाम धर्मावलंबियों ने कल शुक्रवार को हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव ईद मिलादुन्नवी प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष कुछ बडे ही स्तर पर मनाया गया। जश्ने ईद मिलादुन्नवी के मौके पर आधा दर्जन डीजे सहित विभिन्न प्रकार के ढोल सहित भव्य झांकियों के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। इस मौके पर नगर की सभी मस्जिदों एवं नगर को जगह-जगह सजाया गया था। जश्ने ईद मिलादुन्नबी खुशनुमा अंदाज में मनाते हुए बावड़ी अखाड़े से जुलूस तैयार होकर पुरानी गल्ला मंडी से









जामा मस्जिद पहुँचा वहा से मोहम्मदी जुलूस सांप्रदायिक सद्भावना के साथ इंसानियत मोहब्बत का संदेश देते हुए निकाला गया। सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए हाथों में पंचम लेकर मुस्लिम भाई उत्साहित होकर चल रहे थे। जश्ने ईद मिलाद नबी का जुलूस शिवालय चौक, शक्ति चौक, मुन्ना मिस्त्री, महावीर भवन, पानी की टंकी, छोटी मस्जिद से वापस चावड़ी, चौकी, झंडा चौक, पुरानी गल्ला मंडी से पुराना बस स्टैंड मार्ग, गंज स्कूल होता हुआ वापस मस्जिद पहुँचा। मदीना शरीफ के रोजे के साथ गौस पाव, अब्बास अलमदार, ख्वाजा गरीब नवाज के तुगरे की लोगो ने जियारत कर गुलाब की माला पेश की गई। मलंग बाबाओ के हेरत अंगेज करतब देखने लोगो का हुजूम लगा रहा। नृत्य करते हुए घोड़े जुलूस की रौनक बढ़ा रहे थे तो दूसरी ओर वही शहनाई व ढोल भी लोगो को आकर्षित कर रहे थे। मोहम्मदी जुलूस में एकता भाईचारे का माहौल देखने को मिला मिला। वही नगर की जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व कारी जुवेर आलम साहब , जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, छोटी मस्जिद अध्यक्ष उवेश कुरेशी नाते पाक पढ़ने वालों के साथ चल रहे थे। वही बताया जाता है कि नमाज के दौरान जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुबेर आलम साहब ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर तकरीर करते हुए कहां की इस्लाम धर्म मोहब्बत का पैगाम देता है। हम सभी अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद साहब की उम्मत है, मुस्लिम भाई नेक काम करें नमाज का पाबंदी बने सुन्नते रसूल अदा करें, मस्जिद में रखें मक्का मदीना रोजे की जियारत करने लोग पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर खुशी का इजहार करते हुए तबर्रुक तकसीम किया। इस तरह नगर पर व्यवस्थाये बनाने के लिये अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे, तहसीलार प्रियंका नेताम, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी जुटे हुये देखे गये। इस तरह नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा बडे ही उत्साह के साथ जश्ने ईद मिलादुन्वी का पर्व मनाया गया। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा, चीचली, बूनवारी, सालीचौका, कल्याणपुर, ललवानी, खुलरी, सिहोरा सहित अन्य जगहों पर भी शांति पूर्वक आयोजन संपन्न हुये।

# धर्म के दस लक्षण जीव आत्मा के गुण हैः पंडित नीलेश



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा**

इन दिनों नगर में जिस तरह से धार्मिक आयोजना के चलते त्रिवेणी गंगा बहते हुये देखी जा रही है उसके चलते सभी धर्म के लोग अपने अपने धार्मिक कार्यक्रमों को बडे ही जोश के साथ मनाते हुये देखे जा रहे है। जैन समाज के चल रहे पर्वराज पर्युषण के अवसर पर श्री तारण तरण चैत्यालय जी मे सोहागपुर से पधारे प्रतिष्ठाचार्य पंडित नीलेश भैया के सानिध्य में प्रतिदिन मन्दिर विधि का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रतिदिन उनके प्रवचन हो रहे हैं धर्म के दस लक्षण बताते हुये उन्होंने कहा की क्षमा, मार्दव, आर्जव,सत्य, शौच,संयम, तप, त्याग, आकिंचन, ब्रह्मचर्य, इस जीव आत्मा के गुण हैं। इन्हें प्रत्येक जीव जनता है। परन्तु कर्मो का चक्र जोकि हमारी सक्रीयता को आवरण मय कर हमे विभावों ले जाता है। जिससे हम अपना स्वरूप भूलकर क्रोध मान, माया लोभ चार कषाय एवं इन्द्री विषयों में फंसकर इनके दास बन जाते हैं। इस स्थिति में निरन्तर दुख भोगते हैं। धर्म सदा से ही इस जीव का स्वभाव माना जाता रहा है। सभी आचार्य तीर्थंकर भगवंतों ने हमे यह मार्ग दिया है, जिस पर चलकर हम अपने धर्म को पा सकते हैं। अपने स्वभाव में रहकर ही धर्म की सधना हो सकती है।उत्तम क्षमादि धर्मो की साधना से ही उत्तरोत्तर मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

# स्कूल के समय भारी वाहनो पर नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है। मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है...? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है। वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है, वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई




को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है, मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है।

# बारिश के मौसम में उम्रदराज पेड़ बन रहे परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पर्यावरण की रक्षा के मकसद से हालांकि सरकार से लेकर स्वयं सेवी संस्थाएं व समाज सेवी संस्थाओं द्वारा शहर में लगातार वृक्षा रोपण कराकर नगर की हरीतिया सलामत रखने की दिशा में निरंतर पहल कर रहे है, किन्तु इसके बाबजूद देखने में आ रहा है कि लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली व्यस्ततम सड़कों के दोनों ओर जो पुराने पेड़ लगे है, जिसका परिणाम है कि ये पेड़ खोखले होते जा रहे है, उनकी शाखायें बोझिल हो गयी है और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हुए उनके गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। इस बात की सच्चाई कुछ दिवस पहले जब तेज हवा के साथ हुई बारिश के दौरान देखने भी मिल चुका है जब नगर में अनेक जगहों पर उम्र दराज पेड़ बिजली लाईनों पर गिरने के कारण शहर की कई घंटों तक बिजली व्यवस्था ठप्प रही थी। उल्लेखनीय है कि लोकनिर्माण विभाग के अधीन आने वाली स्टेशन से शहर व गाडरवारा से सांईखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क के किनारों पर आम और अन्य फलों के वृक्ष सीना तान खड़े है, इनमें से अधिकांश वृक्ष उम्र दराज बताये जाते है।



बताया जाता है कि पूर्व वर्षो में उक्त सड़क के किनारे आम के वृक्षों की नीलामी की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा की जाती थी। किन्तु अब आम के वृक्षो के नीलामी का काम बंद हो गया है और ये पुराने पेड़ बिना धनीधोरी के रह गये है? हालत यह है कि कभी- कभार कई आम के पेड़ बारिश में या तो बीच सड़क पर गिर जाते है या फिर उन्हें शहीद कर दिया जाता है? चौकांने वाली सच्चाई है कि पहले हरिभूमि व आमजनता द्वारा आवाज उठाने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सड़क के किनारे लगे वृक्षों की कांट छांट या उनके रख रखाब का उचित प्रबंध नही किया गया है, जिससे पुराने पेड़ अब गंभीर घटनाओं का सबब बनने लगे है, यदि बारिश का मौसम शुरू होने के पहले इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही किसी बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूकेगे।

# अब पुलिस बुलाने 100 पर नहीं 112 नम्बर पर करना होगी कॉल, गाडरवारा अनुविभाग के लिये मिली सात नई गाड़ियां

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आम जनता को समय पर पुलिस की मदद मिल सके इसके लिये सरकार द्वारा पुलिस विभाग को पूर्णरूप से आधुनिकरण के माध्यम से सक्षम बनाने में लगी हुई है। पहले देखा जाता था कि पुलिस की मदद लेने के आम जन को



100 नम्बर पर फोन करना पड़ता था। मगर इसमें हुये फेर बदल के बाद अब पुलिस बुलाने के लिये 112 नम्बर पर काल करना पड़ेगा। वही दूसरी ओर 100 सेवा में लगी हुई वर्षो पुरानी गाड़ियों की छुट्टी करते हुये अब शासन द्वारा सभी थानों के लिये आधुनिक व्यवस्थाओं से परीपूर्ण नई गाड़िया प्रदान की गई है। बताया जाता है कि इन गाड़ियों में एक्सीडेन्ट की घटनाओं में घायलों को चिकित्सालय तक पहुंचाने की व्यवस्था के साथ साथ अन्य सुविधाये भी उपलब्ध कराई गई है। इस प्रकार से गाडरवारा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत नई सात गाड़िया शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इन नई 112 पुलिस सेवा की गाड़ियों में 2 गाडरवारा पुलिसे थाने के लिये एक एक गाडी सिहोरा व सालीचौका पुलिस चौकी के लिये तथा एक एक गाड़ी सांईखेड़ा, चीचली तथा डोगरगांव पुलिस थानों के लिये प्रदान की गई। इस तरह अब आम जनता द्वारा पुलिस की मदद लेने के लिये 112 पर काल करने के बाद नई स्कार्पियों गाड़िया दौड़ते हुये देखी जावेगी।

## शहपुरा नगर की गणेश प्रतिमा



**शिक्षकों और विद्यार्थी शिक्षकों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को माल्यार्पण व पुष्पांजलि**

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी में मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

परिवहन कार्यालय के सामने स्थित पीएम केंद्रीय विद्यालय डिंडोरी में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया है।प्राचार्य सुनील कुमार सोनी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 05 सितंबर को मनाया जाता है जो कि भारत के महान विचारक,भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

विद्यालय में शिक्षकों के सम्मानस्वरुप यह दिवस मनाया जाता है। विद्यालय में प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थी शिक्षकों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को माल्यार्पण व पुष्पांजलि प्रदान की गई।

रचनात्मक अधिगम क्रियाकलाप प्रभारी राम राय माली और अजय कुमार के निर्देशन में विद्यार्थी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य किया गया और शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुर्सी संगीत, जिह्वा प्रयत्न, गुब्बारा इत्यादि प्रतियोगिताएं रोचक रही।

श्रेष्ठ विद्यार्थी शिक्षकों को प्राचार्य सुनील कुमार सोनी द्वारा पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।







# पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी को सौंपा गया ज्ञापन, ज्योतिरादित्य भलावी ने उठाए घाटों की स्वच्छता और नालों की समस्या पर सवाल

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति एवं पर्यटन धर्मेन्द्र सिंह लोधी के डिंडोरी आगमन पर नगर परिषद के विपक्ष के नेता ज्योरादित्य भलावी ने मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने मंत्री जी को नगर की जमीनी समस्याओं और अव्यवस्थाओं से अवगत कराया।



ज्ञात हो कि मंत्री लोधी के द्वारा डिंडोरी जिले में माँ नर्मदा के प्रमुख घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 3 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से परियोजना का भूमिपूजन किया गया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष ज्योरितादित्य भलावी ने इस सौगात की सराहना तो की, लेकिन साथ ही घाटों की वास्तविक स्थिति और नर्मदा नदी में मिल रहे गंदे नालों की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

भलावी ने कहा, यह निश्चित रूप से प्रसन्नता का विषय है कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, मां नर्मदा के घाटों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात जिले को प्राप्त हुई है। लेकिन मेरा सवाल यह है कि निर्माण कार्य से पहले क्या घाटों में गिरने वाले गंदे नालों को रोकने की कोई पुख्ता व्यवस्था की गई है? उन्होंने आगे कहा कि जिले में लगभग 7 से 9 नाले सीधे मां नर्मदा में गिरते हैं और यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी पूछा कि 32 करोड़ रुपये की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के बावजूद अब तक मां नर्मदा का आंचल गंदा क्यों बना हुआ है। क्या यह आस्था केवल दिखावा बनकर रह गई है?

### उन्होंने यह सवाल भी उठाया

भलावी ने भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों से भी यह स्पष्ट सवाल किया कि क्या सौंदर्यीकरण कार्य से पहले नदी की शुद्धता और स्वच्छता के लिए कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं?इन बिंदुओं पर मंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने विपक्ष की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि घाट निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने नर्मदा नदी में गिरने वाले नालों की समस्या पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ आरोपी धराया

**उमरिया।** जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सवित्री भगत के मार्गदर्शन में उमरिया के वृत मानपुर अंतर्गत ग्राम धमोखर में अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रह व परिवहन पर रोक हेतु कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान वृत्त मानपुर में 2 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कियें गए। कार्यवाही के दौरान आरोपी चम्मू लाल यादव पिता स्व. सोनई यादव निवासी धमोखर के किराना दुकान एवं ग्राम खेरा में राहुल राय व राहुल राय पिता रामचरण राय निवासी खैरा के किराना दुकान की विधिवत तलाषी लेने पर आरोपियों के कब्जें से क्रमशः 120 एम.एल विदेशी मदिरा एवं 21 केन पॉवर बीयर प्रत्येक में 500 एम.एल. तथा एक कार्टून में 23 पाव देषी मदिरा प्लेन बरामद कर आरोपियों के विरूद्व आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 36 । व 34(1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्व किया गया है। जिसका 4470 अनुमानित मूल्य है। कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई। साथ ही आबकारी आरक्षक कविता सिंह, अंजली गौतम, राजपति प्रजापति एवं नगर सैनिक राजेश शुक्ला कार्यवाही में सम्मिलित रहे।

### 8 सितंबर को स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक

**उमरिया।** नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष-2025 के संबंध कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके संबंध में 8 सितंबर 2025 को समय दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सर्व संबंधितो से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### मेरा युवा भारत अनूपपुर के द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। मेरा युवा भारत अनूपपुर के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर आर आर सिंह एवं लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष सिंह चौहान के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड जैतहरी के स्टेला मैरिस स्कूल में मनाया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस उक्त कार्यक्रम के मुख्यातिथि रमेश प्रीति सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा बताया कि यह दिन हमारे लिए बेहद खास है क्योंकि यह महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती है वे खेल जगत के ऐसे सितारे थे जिनकी चमक आज भी हमें प्रेरणा देती है उनकी खेल प्रतिभा को देखकर ही उन्हें "हॉकी का जादूगर" कहा जाता था उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि खेलों में समर्पण और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उक्त कार्यक्रम में पुरुष बॉलीबॉल एवं महिलाओं का कबड्डी और साथ ही 500 मीटर का दौड़ के खेल का आयोजन हुआ उक्त कार्यक्रम संस्था आनंदम सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी के प्रतिनिधि दिनेश विश्वकर्मा के तत्वधान में किया गया।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का पर्व जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

करंजिया विकासखंड के अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित जिलेभर में जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शुक्रवार को पैगंबर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



### कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार रात को मस्जिद में

**मिलाद-ए-मुस्तफा** की महफिल से हुई, जिसमें इमाम व हाफिज अतीक खान ने नबी-ए-पाक की सीरत (जीवन चरित्र) पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगर इंसान अपने जीवन में सफल होना चाहता है, तो पैगंबर साहब के बताए हुए रास्तों और उसूलों को अपनाना चाहिए। इस्लामिक विद्वान नाजिम खान ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी इस्लामी कैलेंडर का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है, क्योंकि इस दिन नबी करीम की विलादत हुई थी और पूरी दुनिया में इस दिन को खुशी और अकीदत के साथ मनाया जाता है।शुक्रवार सुबह मस्जिद में कुरानख्वानी और फातिहा पढ़ी गई, तथा सभी की सलामती और बरकत के लिए विशेष दुआ मांगी गई। इसके बाद जुलूस (रैली) निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समुदाय के लोग, विशेषकर युवा और बच्चे, शामिल हुए। यह रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः मस्जिद परिसर में आकर संपन्न हुई। जुलूस के पश्चात लंगर (सामूहिक भोज) का आयोजन किया गया, जिसमें सभी लोगों ने मिलकर शिरकत की। वहीं, पास के ग्राम सैलवार में भी मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय मुस्लिम समाज के सदर शाहनवाज कुरैशी ने बताया कि पर्व को लेकर खासकर बच्चों और युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। रैली के दौरान सबसे आगे बच्चे ही उत्साह से भाग लेते नजर आए।पर्व के सफल आयोजन में स्थानीय समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर भागीदारी निभाई और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

# कन्या शिक्षा परिषद डिंडौरी में विधायक ओमकार सिंह मरकाम द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कन्या शिक्षा परिषद डिंडौरी में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिंडौरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम उपस्थित रहे। विधायक ने शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। वे न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि उनके जीवन में आदर्श, संस्कार और दिशा भी देते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और अनुभव से आने वाली पीढ़ी को और अधिक सक्षम, संस्कारी एवं राष्ट्रप्रेमी बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिषर के प्राचार्य, शिक्षक, छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के वरिष्ठ शिक्षक द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख ने किया।






## शहपुरा पुलिस ने युवक की संदिग्ध मौत का किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

# पिपरिया माल में पुलिया के नीचे मिला था शव, अवैध शिकार में लगे करंट जाल से गई जान

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।** थाना शहपुरा अंतर्गत ग्राम पिपरिया माल और गनपुरा के बीच पुलिया के नीचे युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला प्रारंभ में संदिग्ध प्रतीत हो रहा था, लेकिन शहपुरा पुलिस की सूझबूझ और तत्परता से यह रहस्य उजागर हो सका।



दिनांक 28 अगस्त 2025 को ग्राम गनपुरा निवासी दुर्वेन्द्र झारिया ने थाना शहपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके जीजा कपिलदेव झारिया (उम्र लगभग 35 वर्ष) दिनांक 26 अगस्त की रात करीब 10 बजे घर से निकले थे और इसके बाद से लापता थे। दो दिन की खोजबीन के बाद उनका शव पिपरिया माल और गनपुरा के बीच एक कच्ची सड़क की पुलिया के नीचे संदिग्ध अवस्था में मिला।शव की प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान पाए गए – बाईं जांघ में गहरा घाव, बाएं हाथ की कलाई व पसलियों में चोट, सिर के पीछे चोट और हाथ में टॉर्च पकड़ी हुई थी। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा – करंट से हुई मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि कपिलदेव की मौत बिजली के करंट से हुई थी, जिससे यह साफ हो गया कि यह कोई साधारण दुर्घटना नहीं बल्कि एक आपराधिक कृत्य है।

**जांच में हुआ बड़ा खुलासा – अवैध शिकार में लगा था करंटजाल**

जांच के दौरान ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ में पता चला कि ग्रामवासी दुखीलाल परस्ते ने खेत में अवैध रूप से सुअर पकड़ने के लिए बिजली से जुड़ा GI तार का फंदा लगाया था। इसी फंदे में फंसने से कपिलदेव की मौत हुई। इसके बाद शव को छिपाने के उद्देश्य से पुलिया के नीचे फेंक दिया गया।पुलिस की सघन पूछताछ में दुखीलाल परस्ते ने जुर्म कबूलते हुए बताया कि उसने यह फंदा अपने तीन साथियों – धानू टेकाम, कंधी सिंह टेकाम और लल्ला धुर्वे – के साथ मिलकर तैयार किया था। आरोपियों ने घटना में प्रयुक्त GI तार, बांस की खपंची और डंडा खेत के कुएं व घास में छिपाने की बात स्वीकार की।

### पुलिस ने जब्त किया घटनास्थल से सामान, चारों आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सभी सामग्री जब्त कर ली है। सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।इस गंभीर प्रकरण के त्वरित और प्रभावी खुलासे में थाना शहपुरा की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मुख्य रूप से थाना प्रभारी अनुराग जामदार, सहायक उप निरीक्षक बिपिन जोशी, राकेश यादव, नंदकिशोर झारिया, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र सिंह , आरक्षक अभिषेक पाण्डेय शामिल रहे।शहपुरा पुलिस की सजगता, गंभीरता और गहन विवेचना के चलते इस संवेदनशील प्रकरण को सुलझाया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. शहपुरा के मार्गदर्शन में पूरी कार्रवाई अंजाम दी गई।

# मेंहदवानी में चली आ रही गंगा जमुनी तहजीब आज भी कायम रब खैर करे हिन्दू मुस्लिम के बीच इसी तरह बना रहे भाईचारा

**दुर्गोत्सव समिति द्वारा गणेश पांडाल में मिलादुन्नबी जूलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय का स्वागत कर स्वल्पाहार कराया**





हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में हिन्दू मुस्लिम एकता लोगों में आपसी भाईचारा के लिए सुंदर मिशाल है। यहां हिन्दू मुस्लिम त्योहार आपसी भाईचारा और सद्भाव से मनाया जाता है।

शुक्रवार को मिलाद-उन-नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा जूलूस निकाला गया। इस अवसर पर सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति बाजार चौक गणेश पांडाल में दुर्गोत्सव समिति मेंहदवानी के द्वारा जूलूस में शामिल मुस्लिम भाईयों का स्वागत किया गया और उन्हें स्वल्पाहार कराया गया। हिन्दू भाईयों द्वारा किए गए स्वागत और सम्मान का मुस्लिम भाईयों द्वारा शुक्रिया अदा किया गया और भविष्य में हिन्दू मुस्लिम के बीच इसी तरह प्यार और भाईचारा कायम रहे इसकी कामना की। उल्लेखनीय है कि मेंहदवानी में हिन्दुओं के गणेशोत्सव पर्व हो या दुर्गोत्सव पर्व प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान मुस्लिम भाईयों द्वारा भी आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए स्वागत कर स्वल्पाहार कराया जाता है। देश में कई स्थानों पर हिन्दू मुस्लिम के बीच तनाव की स्थिति बनी रहती है ऐसे में मेंहदवानी में हिन्दू मुस्लिम के बीच आपसी भाईचारा और सद्भाव अन्य क्षेत्रों के लिए सुखद संदेश है। इस दौरान नायब तहसीलदार टी एल धुर्वे राजस्व अमले के साथ एवं पुलिस थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे दल बल के साथ उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

5 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली के मुख्य आतिथ्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य तथा जिला शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह धुर्वे एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक के आतिथ्य में जिला पंचायत अनूपपुर के सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 72 सेवानिवृत्ति शिक्षकों एवं जिला स्तर पर चयनित 2 शिक्षक जो राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी हेतु चयनित हुए थे का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला से पूजन अर्चन किया गया। अनिल कुमार सिंह जी के द्वारा सरस्वती वंदना की स्तुति के साथ शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की बालिकाओं के द्वारा स्वागत गीत का सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया गया। तत्पश्चात समस्त शिक्षकों का तिलक, माल्यार्पण एवं शाल श्रीफल के माध्यम से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर के द्वारा अपने उद्बोधन में समस्त पधारे हुए शिक्षकों को 05 सितंबर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही जिले के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा अपने वक्तव्य में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा गया कि मैं आशा करता हूं कि आगे आने वाले समय में हमारे शिक्षा जगत में और अच्छा परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रतिस्पर्धा में आगे लाने का प्रयास किया जाएगा।

### यह हुये सम्मिलित

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर, विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी का शाल, श्रीफल, चंदन एवं माला से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अंजली सिंह प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत सभी आए हुए अतिथि स्वल्पाहार गृहण किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रांतीय संयोजक जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह, संभागीय संगठन मंत्री डॉ नरेन्द्र पटेल, संभागीय कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, पूर्व संभागीय उपाध्यक्ष राकेश कुमार बाधवा, जिलाध्यक्ष संजय कुमार निगम, जिला सचिव शीलवंत तिवारी, नगर अध्यक्ष श्रीमती अमिता मरकाम, नगर इकाई सचिव हेतराम साहू, धर्मेंद्र शाक्यवार, वरिष्ठ प्रधानाध्यापक आर बी प्रजापति, सत्यनारायण मौर्य जिला उपाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष जैतहरी संतोष यादव तहसील अध्यक्ष जैतहरी केशकली राठौर, जीना चंद्र संत, देवेंद्र पटेल, रामसिंह पुरी, स्थानीय प्राचार्य अजय कुमार जैन एवं डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह के साथ-साथ भारी संख्या में शिक्षक समुदाय उपस्थित हुए।

## शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न

# शिक्षक समाज के प्रेरणा स्रोतः मंत्री श्री पटेल




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को मणिनगेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं शिक्षक सम्मान समिति द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम नरसिंहपुर और करेली की पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित कार्यक्रमों में जिले के शिक्षकों का सम्मान किया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गुरुजनों का सम्मान तुलसी माला, साल, श्रीफल एवं छड़ी भेंट कर अभिनंदन किया गया। मंचासीन अतिथियों ने कहा कि गुरु का स्थान समाज में सर्वोच्च है, और शिक्षक ही वह दीपक है जो अपने ज्ञान से अगली पीढ़ियों का मार्ग आलोकित करता है।

### जीवन में प्रकाश का कार्य करता है शिक्षक

इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. यू. सी. विश्वकर्मा ने गुरु के कर्तव्यों के बारे में बताते हुए बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षक की भूमिका एक कुम्हार की भाती होती है एक सच्चा शिक्षक अगर अपने कर्तव्य का पालन जिम्मेदारी के साथ करे तो वह विधार्थी के जीवन को नई ओर बेहतर दिशा प्रदान कर सकता है पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल प्रतिवर्ष गुरुजनों का जो सम्मान करते है वह सराहनीय है इसके साथ ही वरिष्ठ शिक्षक श्री पाराशर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला सिखाती है। एक सच्चा शिक्षक बच्चों में संस्कार, अनुशासन और सामाजिक चेतना जगाने का कार्य करता है नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार ने कहा कि गुरु शिष्य के जीवन में प्रकाश का कार्य करता है और गुरु ही उसे समाज में जीने का गुण सिखाता है।

### शिक्षक है राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि उनके जीवन में भी कई ऐसे गुरुजन रहे, जिनके मार्गदर्शन से उन्हें राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिला। उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया और कहा कि आज समाज में जितनी भी सफलताएँ और प्रगति दिखाई देती हैं, उसके पीछे गुरुजन का ही योगदान है। श्री पटेल ने यह भी कहा कि नई पीढ़ी को संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य शिक्षक ही करते हैं पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि जिस समाज में शिक्षकों का सम्मान होता है, वही समाज प्रगति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें जीवन मूल्यों और राष्ट्रप्रेम की भावना भी जागृत करें कार्यक्रम में जिलेभर से आए अनेक शिक्षक, छात्र-छात्राएँ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस प्रकार के समारोह का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करना और समाज में शिक्षा के महत्व को और व्यापक रूप से स्थापित करना है।उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में गुरुजन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक पत्रकार जन मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सभी आमंत्रित शिक्षकों का सामूहिक अभिनंदन किया गया।

### प्रेरणाः एक गांव मे 800 शिक्षक



शिक्षा के क्षेत्र मे जिला किसी भी रूप मे पीछे नही है यहां ऐसे गांव भी है जिसे शिक्षकों को गांव भी कहा जाता है। हर घर से एक शिक्षक मिल चुका है। वही गावं के पांच शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरूस्कार भी मिल चुका है। जिला मुख्यालय से तकरीबन पांच किलोमीटर दूर स्थित ग्राम सिंहपुर बड़ा ऐसा गांव है जहां लगभग 5 हजार की आबादी है और इस गांव मे 8 सौ से अधिक शिक्षक है इसलिए शिक्षकों को गांव भी इसे कहा जाता है। वही गांव के पांच शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरूस्कार भी मिल चुका है। प्रत्येक घर में कम से कम एक शिक्षक जरूर है। चार-पांच पीढ़ियों से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। यहां की परंपरा बताती है कि शिक्षा ही वह ताकत है, जो समाज को आगे बढ़ाने और नई दिशा देने में सक्षम है। गांव में कई परिवार पूरी तरह से शिक्षण कार्य से जुड़े हैं। शर्मा परिवार इनमें सबसे प्रमुख है। इस परिवार के 15 से अधिक सदस्य शिक्षक हैं। स्व. महेंद्र दत्त शर्मा, स्व. ज्वाला प्रसाद शर्मा और स्व. हरदयाल शर्मा शिक्षक थे। उनके छोटे भाई जेपी शर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल रह चुके हैं। परिवार की अगली पीढ़ी में भी सभी पुत्र, पुत्रवधुएं और प्रपौत्रवधु शिक्षण कार्य कर रहे हैं। गांव के शेख नियाज मुहमद को 1961 में, महेशचंद्र शर्मा और बी.एल. बुनकर को 1991 में, नरेंद्र शर्मा को 1995 में एवं मोतीलाल मेहरा को भी राष्ट्रपति सम्मान मिल चुका हैं। स्थानीय शिक्षिका आशीर्वाद शर्मा कहती हैं कि उनके माता-पिता भी यहीं के शिक्षक थे। वह स्वयं भी यहीं पढ़ी हैं और अब यहां पढ़ा रही हैं। शिक्षिका प्रज्ञा दुबे बताती हैं कि उन्हें उनके दादा, नाना और परिवार के अन्य सदस्यों ने पढ़ाया। अब वह यहां अंग्रेजी की अध्यापिका हैं। बृजेश शर्मा के अनुसार गांव में बच्चों को बचपन से ही अनुशासन के साथ शिक्षा दी जाती है। इसी कारण यहां का शैक्षिक स्तर लगातार उच्च बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पर्युषण पर्व पर चल रहे विविध आयोज रविवार को निकलेगी शोभायात्रा



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों नगर के जैन मंदिरों में पर्वाधिराज पर्यूषण के अवसर पर प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान जारी है। नगर में वर्षायोगरत आचार्य विधासागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सिद्धान्तमती माता जी आर्यिका विनीत मति माता जी आर्यिका विनय मति माता जी के मंगल सानिध्य में प्रातः श्री जी का अभिषेक शांतिधारा नित्यनियम पूजन पश्यात आर्यिका श्री के प्रवचन। एवं प्रतिदिन दस श्रावको द्वारा तत्वार्थ सूत्र जी के दस अध्याय का वाचन मुख्य रूप से आयोजित होता है जिसमे सभी स्वजातीय शामिल हो रहे हैं। प्रतिदिन दोपहर में स्वाध्याय साँय सामायिक ध्यान एवं आरती सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। रविवार को श्रीजी की विमान यात्रा नगर भ्रमण करेगी।

### 8 को होगा शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का बगासपुर आगमन



**गोटेगांव।** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद मुबई में चातुर्मास पूर्ण होने पर सीमा उल्लघंन के तहत सबसे पहले शंकराचार्य बाल विद्याधाम आश्रम बरहटा पहुंचेंगे। यहां पर 8 सितबर को पहुचंने के बाद आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद शाम को बगासपुर गांव पहुंचेंगे। यहां पर रात्रि विश्राम श्रीदेव मुरलीधर मंदिर बगासपुर में करेंगे और 9 सितबर को सुबह परमहंसी गंगा आश्रम के लिए रवाना हो जाएंगे। यहां पर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की स्मृति में आयोजित समाराधना कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती एवं अग्निपीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य रामकृष्णानंद भी हिस्सा लेकर अपने गुरु की पुण्य तिथि का स्मरण करेंगे।

### महिला को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस घर पर काम कर रही महिला को सर्प ने काट लिया। पुलिस ने बताया कि कौशल्या बाई पति डम्मन सिंह कुर्मी उम्र 45 वर्ष निवासी बिचुआ थाना सुआतला को घर पर काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पत्रकार स्व. विष्णु ठाकुर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विष्णु ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर उनके निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि दी गई। अनेक वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि देते हुए अनेक वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय श्री ठाकुर ने पत्रकारिता के माध्यम से जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने रचनात्मक पत्रकारिता से आम आदमी की बात को शासन प्रशासन तक पहुंचाया। यही कारण है कि न केवल जिले में बल्कि प्रदेश में पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका विशिष्ट स्थान था वे हमेशा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का काम करते थे। सभी राजनीतिक दलों शासन प्रशासन और विभिन्न संगठनों में उनका एक विशिष्ट सम्मान था। उक्त मौके पर अजय तुलसी, बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा, एसके चतुर्वेदी, संजय जैन, सुशांत पुरोहित, कमल तिवारी ,अजय दुबे ,अरुण शर्मा, विनोद ठाकुर ,विशाल ठाकुर ,विपुल ठाकुर ,संजय साहू ,नरेंद्र श्रीवास्तव जूनियर, नीलेश जाट के अलावा पत्रकार, अधिवक्ता, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि सदस्य मौजूद थे।

### झाड़फूंक के शक में किसान की हत्या

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के रोहिया पटी गांव मे झाड़फूंक के शक पर किसान की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि रोहिया पटी गांव में दो भाइयों ने झाड़फूंक के शक में एक किसान की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात को टुल्लू पोघरा हार स्थित खेत की टपरिया में हुई। मृतक नेतराम गोंड़ उम्र 55 वर्ष अपने खेत की टपरिया में अकेले रहकर खेती की रखवाली करता था। गुरुवार की सुबह जब बेटा हरप्रसाद खेत पर पहुंचा तो उसने पिता को मृत अवस्था में देखा। मृतक के गले पर गला घोंटने के स्पष्ट निशान थे। जांच में पता चला कि मृतक झाड़फूंक का काम भी करता था।

# हत्या के आरोपी हुए गिरफ्तार



**गोटेगांव।** बीते दिवस थाना मुंगवानी अंतर्गत आने वाले ग्राम रोहिया पटी में एक आदिवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी, जानकारी लगते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही कर शव अपने कब्जे में लिया था। आज आदिवासी की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गोटेगांव थाने में आज पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने पत्रकारों को बताया कि 4 सितंबर को थाना मुंगवानी में हरप्रसाद पिता नेतराम गौड़ आयु 38 वर्ष निवासी रोहिया पती ने सूचना दी थी कि उसका पिता नेतराम पिता दसरू गौड़ आयु 55 वर्ष निवासी रोहिया पटी दुल्लू पोपरा के खेत में बनी टपरिया में रहकर खेत की रखवाली करता था, जो आज सुबह करीबन 6 बजे उसके द्वारा खेत जाकर देखने पर टपरिया में ही मृत अवस्था में पाये गये हैं। गले में गला घोंटने के निशान स्पाट दिख रहे कि तात्काल थाना मुंगबानी से पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंच कर पटना की तस्दीक पश्चात मौके पर ही अपराध क्रमांक 0/2025 धारा 103 (1) बीएनएस का दर्ज किया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पाया गया कि मृतक नेतराम झाड़फूंक का काम भी करता था। एक दिन पहले 3 सितंबर की शाम करीचन 4 बजे नेतराम मृतक की पत्रि गोधिया बाई से मिला था तथा रात में उसके पति के पास मुर्गा लेकर आउंगा ऐसा कहा था, किन्तु सुबह से अपने घर पर नहीं था। विवेचना के क्रम में संदेही रामकुमार के घर जाकर उसके बारह वर्षीय बेटी तथा आठ वर्षीय बालक से पूछताछ की गई। जिससे यह ज्ञात हुआ कि रामकुमार का बड़ा भाई रामगोपाल नागपुर में रहकर मजदूरी करता है। 3 सितंबर को नागपुर से आया था और देर रात तक दोनों घर पर नहीं आये थे। साथ ही यह भी तथ्य सामने आया कि रामगोपाल कि पत्रि सीमा उईक पिछले दो माह से उसके साथ नहीं रह रही है। दोनों में विवाद चल रहा है। दोनों संदेहियों की तलाश की गई। यो दोनों पट मोटर सायकल में बैठकर नागपुर जाने के रास्ते में खापा के पास हाईवे पर 5 सितंबर की सुबह 6 बजे मिले पूछताछ में घटना की बात स्वीकार किये तथा हत्या का कारण बताया कि नेतराम ने जादू टोना करके रामगोपाल तथा उसकी पत्नि के सम्बन्धों को बिगाड़ा था तथा घटना दिवस 3 सितंबर की रात जब दोनों आरोपी नेतराम की टपरिया में मुर्गा लेकर गये तो वहाँ भी मृतक नेतराम ने उसके परिवार एवं बच्चों के ऊपर जादू करने की धमकी दिया था इसी आत पर दोनों भाईयों ने मिलकर गमछे से नेतराम की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गला पोंटने में गमछा रामगोपाल की निशादेही पर जब्त किया गया है। दोनों हो आरोपियों को आज न्यायालय पेश किया जावेगा। इस कार्यवाही में खाना गुंगवानी के सनि रफी अहमद, सडनि लेखराम धुर्वे, आर करन पटेल, राम डेहरिया, आर. अभिषेक से रमेश तथा थाना प्रभारी गोटेगांव की भूमिका सराहनीय रही।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने अधिकारी कर्मचारियों को समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**गोटेगांव।** विगतदिवस आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका परिषद गोटेगांव कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से नगर पालिका अधिकारी सत्येंद्रसिंह शालवार उपस्थित थे!बैठक में विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष निर्देश प्रदान किए गए। अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेंद्र ठाकुर ने निर्देशित किया की लोक निर्माण शाखा से संबंधित समस्त मरम्मत कार्य, सड़कों की दुरुस्ती, एवं अन्य निर्माण कार्य त्यौहारों के पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्वच्छता शाखा को आगामी पर्वों के अवसर पर विशेष सफाई अभियान चलाने, सार्वजनिक स्थलों एवं पूजा स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।एवं जलप्रदाय शाखा को नियमित एवं समयबद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया व विद्युत शाखा को समस्त प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कर सभी लाइटें चालू रखने हेतु निर्देशित किए जाने के साथ-साथ अतिक्रमण शाखा को समस्त शासकीय मार्गो को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि आगामी त्यौहारों में निकलने वाले शोभायात्रा, जुलुस में किसी भी प्रकार का अवरूद्ध आवागमन में परेशानी न हो ।

उक्त समीक्षा बैठक में उपयंत्री सिविल सुश्री मिनी विश्वकर्मा, उपयंत्री विद्युत चंदन कुमार सिंह, स्थापना प्रभारी कमलेश पटैल, लेखाशाखा प्रभारी सुनील भनारे, राजस्व प्रभारी धर्मेन्द्र झारिया, जन्म मृत्यु विवाह रणजीत राठौर, योजना शाखा शरद तिवारी वाहन प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पटेल अतिक्रमणविकास राजपूत स्वच्छता शाखा सूरजपरौची रामनाथ कटारिया सहित समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे अध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों के दौरान नागरिकों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

### किसान यूनियन संविधान के जिला उपाध्यक्ष बनें भीकम चन्द जैन



**गोटेगांव।** विगतदिवस भारतीय यूनियन संविधान के राष्टीय अध्यक्ष रमाकांत कश्यप ने प्रदेश प्रभारी अनुशंसा पर भारतीय किसान यूनियन संविधान के जिला उपाध्यक्ष पद पर भीकम चन्द जैन करकबेल वालों को मनोनीत किया है । इस अवसर पर मनोनीत उपाध्यक्ष को बधाई देने वालों में प्रमुख चौधरी राजेश जैन गोटेगांव, लखन बिलवार, सत्यम बाजपेयी, राजेन्द्र सिंह पटैल करकबेल, राव प्रभुनारायण जी नन्हेगांव, सुरेंन्द्र सिंह पटैल, राजकुमार पटैल बम्हनी, अरविन्द पटैल, दीपक सोनी करकबेल, ब्रजेश नेमा मेख,अभिषेक जैन ठेमी, विजय जैन करकबेल,धनीराम पटैल लुहारी, दशरथ सिंह करकबेल सहित समस्त शुभचिंतकों, सहयोगी एवं किसान भाईयों ने हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई दी । नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष भीकम चन्द जैन ने कहा कि मैं समस्त कृषक बंधुओं की आवाज को किसी भी कीमत पर दबने नहीं दूंगा इसके लिये हर समय समर्पित रहकर संघर्ष करता रहूंगा । किसान भाईयों से इस संगठन से जुड़कर अपनी आवाज को बुलंद करने की अपील करता हूं ।

# नर्सिंग ऑफिसर पर छेड़छाड़ के आरोप



### अधिकारी और चिकित्सक बता रहे यह आरोप झूठा है

**गोटेगांव।** विगतदिवस नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक युवती ने नर्सिंग ऑफिसर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बुधवार रात को चेस्ट पेन की शिकायत लेकर आई युवती ने मेल नर्सिंग ऑफिसर रोहित सेन पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। वही जब इस पूरे मामले में बीएमओ एसएस धुर्वे ने बताया कि रात करीब 11 बजे दो युवतियां और एक युवक सीएचसी में आए थे। ड्यूटी डॉक्टर ने चेकअप कर दवाइयां दीं। बीएमओ का कहना है कि बीपी या चेस्ट की जांच के दौरान बॉडी टच करना आवश्यक प्रक्रिया है, जिस पर युवती ने आपत्ति जताई। नर्सिंग ऑफिसर रोहित सेन ने सभी आरोपों को नकारा है। उनका कहना है कि सीनियर डॉक्टर के निर्देश पर उन्होंने नर्स रजनी सिंह मुड़िया के साथ मरीज का चेकअप किया था। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और चिकित्सक इस घटना को झूठा बता रहे हैं। मरीज चेकअप के बाद लौट गए थे, लेकिन बाद में उन पर आरोप लगाए गए। थाना गोटेगांव एसडीओपी मनीष त्रिपाठी ने बताया दिनांक 2/9 को रात में एक युवती अपने भाई के साथ अस्पताल गई थी उसके सीने में दर्द था जिसे चेकअप के दौरान वहां उपस्थित मेल नर्स रोहित सेन ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जिसकी शिकायत थाना गोटेगांव में प्राप्त हुई जिस पर पुलिस ने धारा 74, 75 बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

# पितरों की अक्षय तृप्ति और पितृऋण से मुक्ति का महापर्व है महालय

**तेंदूखेड़ा।** प्रत्येक मनुष्य देव ऋण ऋषि ऋण पितृऋण आदि के साथ जन्म लेता है। देव पूजन यज्ञ आदि के द्वारा देव ऋण से, स्वाध्याय धर्म शास्त्रों के पठन पाठन एवं श्रवण के द्वारा ऋषि ऋण से, एवं श्राद्ध तर्पण आदि के द्वारा पितृ ऋण से मनुष्य मुक्त हो सकता है। पितरों की अक्षय तृप्ति के लिए किए जाने वाले श्राद्ध तर्पण आदि के लिए महालय पितृपक्ष का समय अति विशिष्ट माना जाता है। हमारी धार्मिक परंपरा में देवताओं की पूजा आराधना के साथ-साथ पितृ कर्म को भी उतना ही महत्व दिया गया है। बल्कि देव कर्म की अपेक्षा पितृकर्म को अधिक सावधानी और विशेषता के साथ करना चाहिए।देव कार्य से पूर्व पितरों को तृप्त करना चाहिए। कार्य और कथन में त्रुटि हो जाने पर भी यदि हमारे भाव शुद्ध हैं तो देवता प्रसन्न हो जाते हैं किंतु हमारे पितर वाक्य और क्रिया की शुद्धि होने पर ही पूजा को स्वीकार करते हैं। इसलिए पितृ कर्म सावधानी पूर्वक और कर्तव्य निष्ठा के साथ करना चाहिये।

पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेद पुराण व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि से प्रारंभ करके आश्विन क्वांर माह की अमावस्या तिथि तक पितृपक्ष महालय का महापर्व पितरों की आत्म शांति अक्षय तृप्ति के लिए श्राद्ध तर्पण और पिण्डदान आदि क्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण है।इस वर्ष महालय 7सितम्बर से प्रारंभ होकर 21सितम्बर तक चलेगा। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए कर्म को श्राद्धऔर तृप्त करने की क्रिया



अर्थात तिल मिश्रित जल अर्पण करने की क्रिया को तर्पण कहते हैं। श्रद्धा और विधिपूर्वक किये गये पितृ कर्म से तृप्त पितरों के आशीर्वाद से घर परिवार में सुख शांति समृद्धि सद्भाव भाग्योन्नति पद प्रतिष्ठा यश वैभव आरोग्यता दीर्घायु की प्राप्ति होती है। कुछ लोग गया श्राद्ध के बाद तर्पण बंद कर देते हैं यह केवल भ्रांति है तर्पण हमारा नित्य कर्म है आलस्य को त्याग कर पितृपक्ष में इसे प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक रूप से करना चाहिए। मानव मात्र का मुख्य कर्तव्य है - तर्पण करना पितृपक्ष में अपने पितरों की पुण्यतिथि पर श्राद्ध करना चाहिए। तिथि विशेष पर किये जाने वाले श्राद्ध की जानकारी देते हुए आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि पूर्णिमा के दिन प्रौष्ठपदी श्राद्ध किया जाता है। समस्त सौभाग्यवती स्त्रियों का श्राद्ध नवमी तिथि को करना चाहिए।यति सन्यासियों के लिए द्वादशी और शस्त्र आदि से मृत व्यक्ति का श्राद्ध चतुर्दशी को करना चाहिए। अज्ञात तिथि बाले सभी पितरों का श्राद्ध अमावश्या को होता है। इसके अलावा भरणी श्राद्ध मघा श्राद्ध अन्वष्टका श्राद्ध आदि का भी विशेष महत्व होता है।

### तर्पण विधि

प्रातः काल स्नान आदि से निर्वृत्त होकर जलपात्र लोटा तिल जौ चांवल पुष्प चंदन आदि लेकर आसन पर पूर्व की ओर मुंह करके बैठकर आचमन पवित्री धारण के साथ देव ऋषि पितृ तर्पण का संकल्प करके सर्वप्रथम देवताओं को तर्पणव करना चाहिए।श्रद्धा के साथ सभी देवता ऋषि और पितरों का आवाहन करना चाहिए

### देव तर्पण -

पूर्वाभिमुख होकर जनेऊ गमछा वायें कंधे के ऊपर रखकर जल पात्र में अक्षत डालकर पूर्वाग्र कुशाओं के द्वारा हाथ की अंगुलियों के अग्र भाग से एक-एक अंजलि जल ब्रह्मा आदि देवताओं को प्रदान करें इसी विधि से मरीचि आदि ऋषियों को तर्पण करना चाहिए।

### दिव्य मनुष्य तर्पण -

उत्तर दिशा की ओर मुंह करके जनेउ अथवा गमछा को कंठी की तरह गले में धारण कर दो-दो अंजलि जौ सहित जल से प्रजापति तीर्थ अर्थात (कनिष्ठका अंगुली के मूल भाग से )सनक आदि ऋषियों को तर्पण करें।

### दिव्य पितृ तर्पण -

दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके जनेऊ अथवा गमछा को दाएं कंधे पर धारण कर बायें घुटने को पृथ्वी पर टेक कर कुश के मूल और तिल के साथ पितृ तीर्थ अर्थात अंगूठा और तर्जनी के मध्य भाग से कव्यवाडनल सोम यम अर्यमा आदि दिव्य पितरों को तीन-तीन अंजलि जल से तर्पण करें।

### यम -तर्पण

इसी प्रकार तिल सहित तीन-तीन अंजलि जल पितृ तीर्थ से 14 यमों को प्रदान करें।

### मनुष्य पितृ तर्पण

पूर्वोक्त विधि से दक्षिणाभिमुख होकर अपने पिता पितामह प्रपितामह माता पितामही प्रपितामही के नाम गोत्र का उच्चारण करते हुए तीन-तीन अंजलि तिल सहित जल लेकर पितृ तीर्थ से ही तर्पण करना चाहिए।नाना पक्ष के पितरों मातामह प्रमातामह बृद्ध प्रमातामह एवं मातामही प्रमातामही वृद्ध प्रमातामही के लिए नाम गोत्र के साथ तीन-तीन अंजलि तिल सहित जल से तर्पण करें।परलोकवासी परिजनों को भी तर्पण करना चाहिए। ब्रह्मा से लेकर कीट पर्यंत सभी की तृप्ति के लिए जलांजलि प्रदान करें ।

### वस्त्र निष्पीडन-

वस्त्र की चार आवृत्ति करके जल में डुबा कर बाहर निचोड़ दें।

भीष्म तर्पण बाल ब्रह्मचारी भीष्म पितामह को श्रद्धापूर्वक तर्पण करें।

### सूर्य -अर्घ्यदान

पूर्व की ओर मुंह करके आचमन कर सूर्य नारायण को जल से अर्घ्य देकर प्रणाम करें।

### कर्म समर्पण

अपने द्वारा यथा ज्ञान यथाशक्ति किया हुआ तर्पण कार्य पितृ स्वरूपी जनार्दन भगवान को समर्पित करें।